दिन— बुधवार दिनांक— 08 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर एनडीए और महागठबंधन में बैठकों का दौर जारी। भाजपा और कांग्रेस समेत प्रमुख दलों में प्रत्याशियों के नामों पर आज फैसला होने की उम्मीद।

02. निर्वाचन आयोग ने कहा — चुनाव में सभी प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा चालीस लाख रूपये होगी। चुनाव से जुड़े सभी खर्च नये बैंक खाते से करने होंगे।

03. प्रदेश में दीपावली का अवकाश अब बीस अक्टूबर को होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की गजट अधिसूचना।

04. और, नेपाल में भारी बारिश के चलते गंगा समेत प्रदेश की कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर। सात जिलों के छब्बीस प्रखंडों के लगभग साढ़े तीन लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित।

————————————————————————

महागठबंधन में भी सीटों के बंटवारे को लेकर विचार—विर्मश चल रहा है। कल पटना में आयोजित एक बैठक में घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही महागठबंधन के नये सहयोगियों झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की भूमिका को लेकर भी चर्चा की गयी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर सभी घटक दलों के नेताओं के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में वे पूरी बातों को रखेंगे।

———बाइट———

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली सीईसी की इस बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नाम तय होने की सम्भावना है। इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के सांसद और कांग्रेस नेता तनुज पुनिया आज पटना के सदाकत आश्रम में प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया को जानकारी देंगे।

————————————————————————

एनडीए के घटक दलों भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी— रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम दौर में है। नई दिल्ली में भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और पार्टी के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान से मुलाकात की। इस बैठक में मुख्य रूप से सीटों के बंटवारे को लेकर

चर्चा हुयी। बैठक के बाद लोजपा आर के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि बातचीत का दौर जारी है। उन्होंने कहा कि समय आने पर जानाकरी साझा की जायेगी

---बाईट---

-------------------------------------------------

विधानसभा चुनाव पर चर्चा के लिए भाजपा चुनाव समिति की तीसरी बैठक आज पटना स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित की जायेगी। इस बैठक में सीट बंटवारे और प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि भाजपा अपनी अधिकांश सीटों पर आज प्रत्याशियों के नाम तय कर लेगी।

-------------------------------------------------

वहीं, जदयू की एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी समेत कई अन्य नेता मौजूद थे। इस बैठक में जदयू कोटे की सीटों और उम्मीदवारों के चयन पर मुख्य रूप से विचार विमर्श किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा कि एनडीए जल्द ही सीटों के अंतिम बंटवारे की घोषणा करेगा।

---बाइट---

-------------------------------------------------

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता के अनुसार चुनाव में सभी प्रत्याशियों के लिये चालीस लाख रूपये खर्च करने की सीमा तय की गयी है। कल पटना में राजनीतिक दलों के साथ आयोजित बैठक में श्री गुंजियाल ने विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुये कहा कि प्रत्याशियों को चुनाव से जुड़े सभी खर्च अपने नये बैंक खाते से ही करने होंगे। चुनाव के दौरान प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि पर पचास हजार रूपये से अधिक की नकद राशि रखने पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि एक प्रत्याशी को चुनाव प्रचार के लिए तीन वाहनों के इस्तेमाल की अनुमति होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मान्यता प्राप्त दलों को चालीस स्टार प्रचारकों की अनुमति होगी। वहीं, जो दल मान्यता प्राप्त नहीं हैं, वे बीस स्टार प्रचारक रख सकते हैं।

-------------------------------------------------

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार अपराध नियंत्रण के लिए प्रयासरत है। इसके लिए पड़ोसी राज्यों से भी वांछित अपराधियों की सूची साझा की जा रही है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और झारखंड के मुख्य सचिव तथा गृह सचिव के साथ कल उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव प्रबंधन और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए

अंतरराज्यीय मुद्दों के संबंध में चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य सचिव ने आसामाजिक तत्वों और अपराधियों के चुनाव के दौरान सक्रिय होने की सम्भावनाओं को लेकर राज्य से अपराधियों की सूची के अदान–प्रदान और उनकी गिरफ्तारी को लेकर बातचीत की। इस दौरान झारखंड सरकार से अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से बिहार में हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान हटाए गए तीन लाख छियासठ हजार मतदाताओं के नामों की जानकारी मांगी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने इस संबंध में कल नौ अक्टूबर तक हलफनामा देने के निर्देश दिये हैं। पीठ ने कहा कि सभी के पास मसौदा मतदाता सूची है और अंतिम सूची भी तीस सितम्बर को प्रकाशित हो चुकी है। इसलिए तुलनात्मक विषलेशन के माध्यम से आवश्यक डाटा प्रस्तुत किया जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई कल होगी।

———————————————————————

अब चुनाव से जुड़े संक्षिप्त समाचार......

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पटना पुलिस ने एक सौ चौरासी कुख्यात अपराधियों को जिला बदर किया है। एसएसपी कर्तिकेय शर्मा ने बताया कि पुलिस की ओर से दो सौ सत्तर अपराधियों पर सीसीए के तहत कार्रवाई करने का प्रस्ताव भेजा गया था, शेष छियासी कुख्यातों को भी जल्द ही जिला बदर किया जायेगा।

———————————————————————

अररिया के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिलाधिकारी अनिल कुमार, ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में विधानसभा चुनाव से जुड़ी तैयारियों को लेकर विमर्श किया गया।

———————————————————————

सुपौल के जिला परिवहन पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य के सुचारु संचालन के लिए वाहनों की उपलब्धता और ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वाहन मालिकों और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ समन्वय बैठक की।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण प्रदेश की प्रमुख नदियां गंगा, कोसी, बागमती, गंडक, महानंदा और अधवारा समूह की नदियां खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गयी है। नदियों के उफान से राज्य के सात जिलों के छब्बीस प्रखंडों के लगभग साढ़े तीन लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड के खरौना डीह गांव में निरहुत नहर का बांध टूटने के कारण आप–पास के क्षेत्रों

में बाढ़ का पानी फैल गया है। किशनगंज में महानंदा नदी के उफान के कारण ठाकुरगंज और दिघलबैंक प्रखंड के कई इलाके बाढ़ से प्रभावित है। वहीं, कैमूर जिले में कर्मनाशा और दुर्गावती नदी के जलस्तर में बृद्धि के कारण रामगढ़ प्रखंड के कई इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया है कि प्रशासन ने जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र नौ अक्टूबर तक बंद रखने का आदेश दिया है। शिवहर से हमारे संवाददाता ने बताया कि बागमती नदी खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर बह रही हैं। हालांकि पिछले चौबीस घटों में बारिश में कमी से हालात में थोड़ा सुधार है।

———बाईट———

बागमती नदी का जलस्तर लगातार चौथे दिन खतरे के निशान से लगभग एक मीटर ऊपर बना हुआ है। तटबंध के अंदर बाढ़ का पानी भरा है और भारी दबाव कायम है। हालांकि पिछले चौबीस घटों में बारिश में कमी से हालात में थोड़ा सुधार है। जल संसाधन विभाग के अभियंता तटबंध की निगरानी कर रहे हैं। खेतों में पानी भर जाने से धान के अलावा सब्जी की फसले भी खराब हो गई हैं। तरयानी प्रखंड के खुरपट्टी और बेलहिया गांवों की बड़ी आबादी अभी भी तटबंध एवं अन्य स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

इधर, जल संसाधन विभाग के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर से फरक्का तक लगातार बढ़ रहा है। गंगा और अन्य नदियों में उफान के बाद फरक्का बराज के सभी गेट खेल दिये गये हैं। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि सभी तटबंधों की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है।

———————————————————————

प्रदेश में दीपावली का अवकाश अब बीस अक्टूबर को होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग के अनुसार इससे पहले एनआई एक्ट के तहत राज्य सरकार ने बाईस अक्टूबर को दीपावली का अवकाश घोषित किया था। इधर, सारण जिले में छह नवम्बर को होने वाले मतदान के कारण हरिहर क्षेत्र का प्रसिद्ध सोनपुर मेला अब निर्धारित तिथि से छह दिन बाद शुरू होगा। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि मेले का औपराचिक उद्घाटन नौ नवम्बर को होगा। वहीं, कार्तिक पूर्णिमा स्नान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पांच नवम्बर को ही आयोजित होगा।

———————————————————————

प्रदेश में बालू खनन की प्रक्रिया सोलह अक्टूबर से एक बार फिर शुरू होगी। खान और भू–तत्व विभाग ने कहा है कि इस सत्र में लगभग तीन सौ घाटों से खनन शुरू होने की सम्भावना है। गौरतलब है कि मॉनसून अविध के दौरान पन्द्रह जून से बालू खनन पर रोक लगा दी गई थी।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–यूजीसी नेट दिसंबर–दो हजार पच्चीस के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पंजीकरण की अंतिम

तारीख सात नवंबर है। सुधार विंडो दस नवंबर को खुलेगा और बारह नवंबर को बंद हो जाएगा।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– सीटों की गांठ सुलझाने में जुटे दल। महागठबंधन में आज शाम तक हो सकता है ऐलान।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर पर शीर्षक दिया है– सहनी अड़े, चिराग रूठे।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– मतदाता सूची से हटाये गये तीन लाख छियासठ हजार नामों का ब्यौरा दे आयोग।

हिन्दुस्तान की विशेष खबर है– डेढ़ दशक बाद अक्टूबर में इक्कीस नदियां विकराल।

आज अखबार लिखता है– जाहानाबाद में सदर अंचल का राजस्व कर्मचारी रिश्वत लेते पकड़ा गया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर एनडीए और महागठबंधन में बैठकों का दौर जारी। भाजपा और कांग्रेस समेत प्रमुख दलों में प्रत्याशियों के नामों पर आज फैसला होने की उम्मीद।

02. निर्वाचन आयोग ने कहा – चुनाव में सभी प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा चालीस लाख रूपये होगी। चुनाव से जुड़े सभी खर्च नये बैंक खाते से करने होंगे।

03. प्रदेश में दीपावली का अवकाश अब बीस अक्टूबर को होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की गजट अधिसूचना।

04. और, नेपाल में भारी बारिश के चलते गंगा समेत प्रदेश की कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर। सात जिलों के छब्बीस प्रखंडों के लगभग साढ़े तीन लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।